# कार्यालय अधिष्ठाता,

## चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

ई–मेलः cmmedicalcollege@gmail.com वेबसाईट : www.ccmgmcdurg.ac.in

क्रमांक / 303 / VRDL / 2024 दुर्ग, दिनांक / 19-01-2024

### //संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन//

छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–29/2023/पचपन, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 07.03.2023 तथा कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा का पत्र क/9117/स्था–2/संचिशि/2023 नवा रायपुर दिनांक 22.09.2023 द्वारा चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग के वायरोलॉजी लैब (VRDL) हेतु स्वीकृत पद के विरूद्ध 01 वर्ष की संविदा भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

रिक्त पदो का विवरण निम्नानुसार है :–

| कं | पद का नाम | पदो की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | मासिक संविदा वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैब टैक्निशियन | 02 (UR -01 ST- 01) | 1. जीवविज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र सहित हायर–सैकेण्डरी परीक्षा/ (10+2) उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से पैथोलॉजी/क्लिनिकल बॉयोकैमेस्ट्री में एक वर्षीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र।<br>3. राज्य पैरा मेडिकल परिषद् से पंजीकृत। | रू. 20,900/– |
| 2 | डॉटा एंट्री आपरेटर | 01 (UR -01) | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेंकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।<br>2. डॉटा एंट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एंट्री की गति 8000 (Key) कि–डिप्रेशन प्रतिघंटे की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) | रू. 18,420/– |
| 3 | लैब अटेंडेंट | 01 (UR -01) | 1. जीवविज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र सहित हायर–सैकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से पैथोलॉजी/क्लिनिकल बॉयोकैमेस्ट्री में एक वर्षीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र।<br>3. राज्य पैरामेडिकल परिषद् का जीवित पंजीयन। | रू. 11,360/– |

- विज्ञापन में आवेदन कर संस्था में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29.02.2024 को समय शाम 5:00 बजे तक है।

*महत्वपूर्ण :* *यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूर्ण करता है। अतः आवेदन प्रस्तुत करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन करें। परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि, आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त तथा उसकी उम्मीदवारी समाप्त हो जाएगी।*

Scanned with CamScanner

इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देशः–

**1. नियम एवं शर्ते :–**

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ का "मूल निवासी" होना अनिवार्य है। इस हेतु उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. चयनित उम्मीदवार को 01 वर्ष के लिये संविदा नियुक्ति दी जावेगी। आवश्यकतानुसार संविदा सेवा में वृद्धि की जा सकेगी।
3. विज्ञापित पदों की संख्या कम या अधिक हो सकती है।
4. उक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति श्रेणी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के उम्मीदवारों को समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैद्य) होना अनिवार्य है।
6. आवेदन भरने में आवश्यक सावधानी बरते, बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्मतिथि, श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन नहीं होगा।
7. आवेदक को पद के लिए निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तों की पूर्ति करना आवश्यक है, आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी समाप्त हो जायेगी।
8. संबंधित पद के लिए वांछित शैक्षणिक अर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र चयन के समय विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. जन्मतिथि की सत्यता हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा जन्मतिथि अंकित हाई स्कूल/हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंकसूची सहित मूल दस्तावेज परीक्षण के समय प्रस्तुत करना होगा।
10. ऐसे अभ्यर्थी जो, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है उन्हें अपने नियोक्ता / विभाग प्रमुख के द्वारा जारी किये गये अनुमति/अनापत्ति प्रमाण–पत्र दस्तावेज परीक्षण के समय प्रस्तुत करना होगा।
11. कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।
12. एक से अधिक पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।
13. स्पष्ट एंव पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन को अभ्यर्थी के द्वारा **पंजीकृत/स्पीड पोस्ट** से **अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग जिला–दुर्ग छ.ग. 490024** में निर्धारित समय सीमा में **दिनांक 29.02.2024 शाम को 5 बजे तक** प्राप्त होना चाहिए।
आवेदन पत्र के लिफाफा में पद (दिए गये पद अनुसार) **"Application for the post of ................"** लिखा होना चाहिए।
14. आवेदन पत्र के साथ समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वंय सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न किया जना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र को अपूर्ण माना जायेगा। अपूर्ण एवं त्रुटीपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेगे। आवेदन में वर्ग स्पष्ट अंकित न होने पर अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग से माना जायेगा।
15. चयन से संबंधित समस्त जानकारी, चयनित उम्मीदवारों की सूची, संस्था के कार्यालय के वेबसाइट **(www.ccmgmcdurg.ac.in )** पर अवलोकन किया जा सकता है।
16. संविदा अवधि 01 वर्ष तक कि लिए होगी एवं कार्य मूल्यांकन के पश्चात कार्य संतोषजनक होने की स्थिति में संविदा सेवा अवधि में वृध्दि की जायेगी।

Scanned with CamScanner

**2. आयु सीमा :–** आवेदक की आयु दिनांक 01 जनवरी 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए (केवल छत्तीसगढ़ राज्य के मूलनिवासियों हेतु) । छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी। सभी प्रकार की छूटों को सम्मिलित करने के बाद शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का पूर्ण रूपेण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

**3. चयन प्रक्रिया :–**

1. उपरोक्त रिक्त पदों पर चयन हेतु परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा उपरान्त जारी प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन की प्रक्रिया अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर, दुर्ग द्वारा की जावेगी।
2. केवल लिपिकीय संवर्ग के पदो हेतु छ0ग0शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी मापदण्ड एवं विभागीय सेवा भर्ती नियमानुसार कौशल परीक्षा लिया जावेगा।
3. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जाएगी अर्थात जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हे प्राथमिकता दी जावेगी।
4. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर, .दुर्ग को होगा।
5. चयनित उम्मीदवार को पुलिस सत्यापन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जाएगा।
6. अनुशासन एवं नियंत्रण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965–66 के अध्याधीन होंगे तथा नियुक्त कर्मचारी नियोक्ता के नियंत्रण के कार्य करेंगे।
7. चयन प्रक्रिया के संबंध मे अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
8. छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक एफ 1–67/2021/सत्रह/एक दिनांक 07 दिसम्बर 2021 के अनुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातर सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंक लाभ दिया जाना है। उक्ताशय का पात्रताधारी अभ्यर्थी विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में **(इसके अतिरिक्त अन्य कोई प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा)** तदाशय का प्रमाण पत्र संबंधित कार्यालय/संस्था के सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर प्रस्तुत करेंगे।
9. चयन उपरान्त ज्वाईनिंग/कार्य पर उपस्थिति के पूर्व अभ्यर्थी को इस आशय का शपथ पत्र *(50/– के नानज्युडिशियल स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित)* प्रस्तुत करना होगा कि, उनके द्वारा दिए गए समस्त दस्तावेज एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की वैद्यता (validity) एवं प्रमाणिकता (Authenticity) हेतु सत्यापन कार्यालय द्वारा कराये जाने उपरान्त यदि कोई दस्तावेज असत्य/गलत पाये जाने पर उनकी नियुक्ति स्वयं निरस्त मानी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। **जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।**
10. चयन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ शासन/विभाग द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जावेगा।

Scanned with CamScanner

**4. नियुक्ति हेतु चयन विधि :–**

1. चयन प्रावीण्य सूची के आधार पर किया जावेगा।
2. प्रावीण्य सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगीः–

**लैब टैक्निशियन पद के लिएः–**

| शैक्षणिक योग्यता | प्रयोगिक परीक्षा अंक | Covid अनुभव का अंक (CG-MOHFW) | अनुभव का अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 50 | 10 | 15 | 100 |

**डॉटा एंट्री आपरेटर पद के लिएः–**

| शैक्षणिक योग्यता | कौशल परीक्षा अंक | Covid अनुभव का अंक (CG-MOHFW) | अनुभव का अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 50 | 10 | 15 | 100 |

**लैब अटेंडेंट पद के लिएः–**

| शैक्षणिक योग्यता | प्रयोगिक परीक्षा अंक | Covid अनुभव का अंक CG-MOHFW | अनुभव का अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 50 | 10 | 15 | 100 |

- उपरोक्त पदों पर भर्ती के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एंव समस्याओं पर अंतिम अधिकार अधिष्ठाता चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग जिला–दुर्ग छ.ग. का होगा।

**अधिष्ठाता,**
**चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति**
**शा0चि0महा0, दुर्ग**

Scanned with CamScanner

## वायरोलॉजी लैब हेतु आवेदित पद का आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट साईज का स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें। (आवेदन प्रपत्र व फोटो में कास हस्ताक्षर करें) |
|---|

प्रति,

अधिष्ठाता
चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय
चिकित्सा महाविद्यालय, कंचादुर दुर्ग छ.ग.

1. आवेदित पद का नाम.................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में).................................................................
   (अंग्रेजी में).................................................................
3. पिता / पति का नाम .................................................................
4. जाति ..................................श्रेणी..........................(सामान्य / अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व.)
5. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में).................................................................
   .................................................................
   पिनकोड ..................................................मोबाईल नं.......................................
6. जन्मतिथि अंको में..........................................................शब्दो में....................................
7. आयु दिनांक 01.01.2024 को वर्ष ..................................माह..................................दिन................
8. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है। हॉ / नही ....................................
   (हॉ की स्थिति में मूल निवासी प्रमाण पत्र की स्वाप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
9. लिंग .................................................................(पुरूष / महिला / अन्य)
10. शैक्षणिक योग्याता का विवरण

| क्र. | परीक्षा का नाम | वि.वि. / बोर्ड / संस्था का नाम / अन्य | विषय | पूर्णाक | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Scanned with CamScanner

11. राज्य पैरामेडिकल काउसिंल में पंजीयन कमांक व दिनांक ..............................................

12. बोनस अंक संबंधी प्रमाण पत्र–जारीकर्ता संस्था का नाम ..............................................

..............................................................................................................................

13. संलग्न प्रमाण पत्र की सूची:–

| Sl | Documents | Submitted |
|---|---|---|
| 1. | Recent Passport size photo of Candidate | YES/NO (........) |
| 2. | Photo ID proof (Govt. Authority issued): Passport/PAN Card/Voter ID/Aadhar Card | YES/NO (............) |
| 3. | 8th class mark sheet | YES/NO (............) |
| 4. | 10th class mark sheet | YES/NO (............) |
| 5. | 12th class mark sheet | YES/NO (............) |
| 6. | Registration Certificates (as applicable). | YES/NO (............) |
| 7. | Domicile certifcate | YES/NO (............) |
| 8. | Cast certifcate | YES/NO (............) |
| 9. | Work Experience | YES/NO (............) |
| 10 | Computer Knowledge | YES/NO (............) |
| 11. | NOC From present working instition | YES/NO (............) |

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे जानकारी में सत्य एंव सही है। आवेदित पद के लिए मै निर्धारितं योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है, इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेंरी सेवाए समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्व नियामानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

आवेदक के हस्ताक्षर..............................

स्थान..............................

नाम ..............................

दिनांक..............................

Scanned with CamScanner